# पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब हिंदी टीम

## मेरा परिचय (कक्षा छठी)

मेरा नाम...................है। मैं पंजाब राज्य के.............. ज़िले का निवासी हूँ। मेरे पिताजी का नाम.............. है और मेरी माता जी का नाम... ...............है। मेरे पिताजी एक व्यापारी हैं और मेरी माताजी अध्यापिका हैं। मेरा घर कैलाश नगर में है। मैं प्रातः सूर्य उदय होने से पहले ही उठ जाता हूँ और हल्का-फुल्का व्यायाम करता हूँ। फिर मैं एक घंटा पढ़ता हूँ। उसके पश्चात मैं विद्यालय जाने के लिए तैयार हो जाता हूँ। मैं सरकारी सीनियर सैकंडरी स्मार्ट स्कूल.. ................ में छठी कक्षा में पढ़ता हूँ। मेरा विद्यालय बहुत सुंदर है। यहाँ तीस के करीब अध्यापक हैं जो हमें बहुत प्यार से पढ़ाते हैं। मैं स्कूल का हर कार्य समय पर पूरा करता हूँ और मेरे गुरु जन मुझे बहुत प्यार करते हैं। स्कूल से घर आकर भोजन करके मैं कुछ देर आराम करता हूँ। फिर अपना गृहकार्य पूरा करता हूँ। शाम को मित्रों के साथ खेलता भी हूँ। मेरे माता-पिता भी मेरे साथ समय व्यतीत करते हैं। भोजन करने के पश्चात रात को मैं जल्दी सो जाता हूँ। मुझे उम्मीद है कि यदि मैं मेहनत करता रहा तो मैं जीवन में अपना डॉक्टर बनने का लक्ष्य अवश्य ही पूरा करूँगा।

कृपया ध्यान दें- लड़कियाँ अपने लिए स्त्रीलिंग शब्दों का प्रयोग करेंगी। जैसे की निवासी हूँ, उठ जाती हूँ आदि।

लेखन - अनीला बत्रा, सरकारी सीनियर सैकंडरी स्मार्ट स्कूल मकसूदां, जालंधर।
संशोधन: राजन, हिंदी मास्टर, स.मि. स्कूल लोहारका कलां, अमृतसर
संयोजक: दीपक कुमार, हिंदी मास्टर, स.मि. स्कूल मानवाला, बठिंडा

Scanned with CamScanner